हिंदी मिलाप : 30/6/21

एनआईआरडीपीआर का सिटीजन चार्टर अभियान कल से

हैदराबाद, 29 जून-(मिलाप ब्यूरो) राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर), राजेंद्रनगर द्वारा गुरुवार, 1 जुलाई से 15 अगस्त तक देश भर में पंचायत सिटीजन चार्टर तैयार करने हेतु एक विशेष राष्ट्रव्यापी अभियान आयोजित किया जाएगा।

आज यहाँ जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अवसर पर एनआईआरडीपीआर द्वारा इस अवधि के दौरान पंचायती राज संस्थानों को अपने सिटीजन चार्टर तैयार करने और प्रकाशित करने के लिए प्रेरित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य लोगों को समयबद्ध तरीके से सेवाएँ प्रदान करना और उनकी शिकायतों का निपटारा करना है। चार्टर एक ओर नागरिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने में मदद करेगा, वहीं दूसरी ओर पंचायतों और उनके निर्वाचित प्रतिनिधियों को जनता के प्रति जवाबदेही बनाने में सहयोग करेगा। इसी संदर्भ में एनआईआरडीपीआर हैदराबाद द्वारा ऑनलाइन माध्यम से राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सभी नोडल अधिकारियों को पंचायती सिटीजन चार्टर के महत्व और उसको तैयार करने की प्रक्रिया पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए एनआईआरडीपीआर के महानिदेशक डॉ. नरेंद्र कुमार ने कहा कि सिटीजन चार्टर से नागरिकों और पंचायतों के बीच विश्वास बढ़ेगा। कार्यक्रम के हिस्से के रूप में डीजी ने एनआईआरडीपीआर द्वारा तैयार फैसिलिटेटर्स ट्रेनिंग मॉड्यूल को जारी किया। साथ ही सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के साथ इसे साझा करने को कहा। अवसर पर एमओपीआर के संयुक्त सचिव आलोक प्रेम नागर ने मॉडल सिटीजन चार्टर का मसौदा तैयार करने और राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को इसे आगे बढ़ाने में मदद करने में एनआईआरडीपीआर के योगदान की प्रशंसा की। एनआईआरडीपीआर के उप-महानिदेशक राधिका रस्तोगी ने सिटीजन चार्टर के महत्व को समझाया। ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य पंचायती राज विभाग के कुल 128 नोडल अधिकारियों के अलावा अन्य विभागों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान असोसिएट प्रो. डॉ. कथिरेसन और पीआर विशेषज्ञ महोमद तकीउद्दीन ने पंचायती राज केंद्र एनआईआरडीपीआर में सिटीजन चार्टर की तैयारियों पर तकनीकी सत्र प्रस्तुत किया।

महानिदेशक का कार्यालय
रा.ग्रा.वि.पं.रा.सं., राजेन्द्रनगर, हैदराबाद.
30 JUN 2021
Director General's Office
NIRD&PR, Rajendranagar, Hyd-30.